LANCET COMMISSION ON A CITIZEN-CENTRED HEALTH SYSTEM FOR INDIA

1. **Press Release – English**
2. **Press Release – Hindi**
3. **Press Release – Urdu**
4. **Press Release – Gujarati**
5. **Press Release – Assamese**
6. **Press Release – Khasi**

Lancet Commission outlines a reform pathway to transform India's health system

India has made remarkable progress towards Universal Health Coverage, which refers to high-quality health care for all the people of India, regardless of where they live or their social class, and which covers all aspects of care from preventive to palliative, at an affordable cost. Attaining this goal is no longer hindered by the lack of political will, underfunding, inadequate human resources and physical infrastructure, or low health-seeking behaviours; instead, uneven quality of care, inefficiencies in spending, fragmented delivery, inadequate design and implementation of financial protection programmes, and poor governance emerge as key challenges finds the *Lancet* Commission for a Citizen-centred health system for India, in its report published today.

Vikram Patel, Commission co-Chair and Professor at Harvard Medical School emphasized that the single most important call to action of the Commission's analysis is "*a high-performing, publicly financed and publicly provided, integrated healthcare delivery system as the primary vehicle for UHC as only the public sector has historically had the mandate and mission to achieve health equity and only the public sector has the architecture of care delivery, from community health workers to tertiary care in every corner of the country,"* while shaping the private sector to leverage its strengths and align with UHC objectives of access, affordability, and quality.

The Commission was launched in 2020 to identify the health system reforms needed to advance UHC, a critical component of India's Viksit Bharat vision for 2047. It engaged diverse expertise from a range of sectors and drew on extensive new and existing research. Highlighting the report's focus, Mirai Chatterjee, Commissioner & Director, SEWA Social Security & Chairperson, SEWA Cooperative Federation, says, *"What stands out in our report is that it is citizen-centred--it starts with citizens' needs and aspirations. We conducted a survey of 50,000 households, the largest of its kind, which has yielded fresh data and insights. This survey, conducted in 121 districts and across 29 states, provided us direction and shaped our key recommendations."*

Promoting a rights-based approach to health, the Commission calls for increasing people's participation in the planning, delivery and monitoring of health services, recommending several methods to empower structures for community participation. It advocates making health system performance data publicly available and supporting citizens in accessing health benefits through more efficient resource hubs and newer grievance redressal systems.

Placing strong emphasis on reforms to increase the effectiveness of the public sector, the Commission's major proposals include increasing government health financing through the consolidation of fragmented budgets, including merging revenues from the Employee State Insurance Scheme with tax revenues for health, and targeted Central allocations to states with large shortfalls. It further suggests restructuring the institutional architecture of the health ministry to separate its financing and provision functions, to increase efficiency. This would involve the formation of an autonomous public purchasing institution, with a legislative mandate to deliver government commitments and people's entitlements to health. *"The public system,*

already designed to provide the complete continuum from primary to tertiary care, has proven to be indispensable during emergencies like Covid-19, despite its constraints. We reiterate that reforming public services to maximise their impact is the priority for moving towards UHC", says Dr. Nachiket Mor, Commissioner and Visiting Scientist, Banyan Academy of Leadership in Mental Health. Building on the current structure of the public health delivery system, the Commission calls for operationalising more closely integrated delivery systems, built on high-quality primary healthcare services, that serve defined populations, coordinate care and are responsible for their health outcomes. Suggesting that primary healthcare workers, specifically Community Health Officers and ASHAs, be regularised, the Commission provides a set of strategies to motivate and support all healthcare providers in delivering high-quality care.

Acknowledging the significant role of the private sector in meeting people's healthcare needs, Tarun Khanna, Commission co-Chair and Professor at Harvard Business School highlights "*the need to better align the interests of the private sector with the goals of UHC through a balanced mix of incentives and regulation. Private healthcare services should be comprehensive and well-integrated, with a strong focus on disease prevention and long-term management of chronic conditions, delivered through coordinated provider networks."* The Commission further calls for a shift away from paying providers for each individual service toward blended payment models that reward the quality of overall patient care. It emphasises the need for insurance regulations that improve access, protect patient rights, and control costs.

Highlighting several current enabling policies which would facilitate the operationalisation of each of the suggested reforms, the Commission emphasised India's profound advancements in digital technologies, AI and biotechnology, which could leapfrog India's UHC journey. India's Ayushman Bharat Digital Mission aims to facilitate the integration of diverse registered healthcare providers, multiple types of payers, and patients, enabling the exchange of health data, structured care coordination, and communication among them, which is crucial for facilitating integrated delivery systems in the public and private sectors. The Commission also emphasises that realising the full potential of technologies to transform healthcare will need attention to ethical issues and questions about user priorities, equity, and privacy.

The Commission further recommends accelerating the decentralising of governance, empowering State, district, and local government institutions to design and implement responsive reforms and enhance accountability. Governance reforms in institutions have been proposed to enhance drug quality, improve provider education, and ensure ethical and competent care standards. Finally, the Commission calls for a learning health system, one that continuously tests, learns, and adapts with transparency and accountability.

Acknowledging that health system reforms are not merely technical but profoundly political, Dr. Kheya Melo Furtado, co-author and Associate Professor at the Goa Institute of Management underlines *"We recognise that given India's diversity across and within States, we cannot provide a single reform pathway for the country but rather evidence-based ideas for governments to adapt, based on local realities, consultations with local stakeholders, and through continuous experimentation and evaluation."* Summarising the impact that the authors hope this report will have, Dr. Anuska Kalita, co-lead author & Director, Health Systems, at Harvard T.H. Chan School of Public Health notes, **"***India stands at a pivotal moment. With rising public confidence and a national ambition for Viksit Bharat, we have a historic opportunity to transform the health system*

so that it truly works for every citizen. Our Commission lays out how bold ideas, wise investments, and multi-stakeholder collaborations can come together to build a health system that is inclusive, innovative, and future-ready."

Additional quotes

Atul Gupta Assistant Professor of Healthcare Management; The Wharton School, University of Pennsylvania

"I hope that the many concrete recommendations in the report on improving the organization of care delivery, payment incentives, and regulation of the healthcare system will help shift the policy discourse towards a more constructive debate on how to make the system more efficient and effective without requiring a huge increase in spending."

SV Subramanian, Professor of Population Health and Geography, Harvard Center for Population and Development Studies

"The Commission's two key takeaway learnings are: (1) building a publicly financed integrated delivery system anchored by comprehensive primary healthcare with robust gatekeeping functions and quality, and (2) meaningful citizen engagement in health system design and governance. These are important because India's health challenges stem not from lack of resources or lack of political will, but from fragmented delivery, poor quality care and weak accountability—requiring systemic organizational transformation rather than incremental improvements"

"A key attribute and temperament of the Commission's deliberations – despite its tremendous diversity of stakeholders – was a commitment to enabling India to realize its tremendous potential. We emphasized that these reforms are not merely technical but deeply political, requiring strong leadership to overcome vested interests and align diverse stakeholders. We are also explicit for a nation as diverse and large as India, there is no single perfect pathway; therefore, reforms should be implemented as options adaptable to local contexts through decentralized decision-making and extensive consultations and one that is patient and citizen centered."

Mirai Chatterjee, Director, SEWA Social Security & Chairperson, SEWA Cooperative Federation

"While our Commission has built on several features of our health system, including people's participation, I believe we have taken this and other guiding principles further in our journey towards universal health care. This includes encouraging all citizens, including those usually left behind like informal women workers, to be active agents with rights, and not just passive recipients. We have re-imagined universal health care for India to be one that is comprehensive, citizen-centred with a special focus on those whose voices are seldom heard, and decentralised. Health equity is a core value and also we recommend greater attention to the social determinants of health like gender equity, nutrition and water and sanitation, among others. Further, we envisage a publicly financed and publicly provided health system."

" Reforms in governance are also an essential part of our vision for universal health care and reaching all citizens. This includes the use of digital tools and technology to expand outreach and

improve quality of services. Technology will also help us to map out variations in realising universal health care across districts and the relationship with multi-dimensional poverty."

"We hope that our report and its recommendations will lead to further discussion and debate, refining of our suggestions and ultimately the kind of comprehensive architecture required for quality universal health care, with adequate investments, while keeping citizens central to all efforts and services."

भारत की स्वास्थ्य प्रणाली के रूपांतरण हेतु लैंसेट आयोग द्वारा प्रस्तावित सुधार मार्ग

भारत ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसका आशय भारत के प्रत्येक नागरिक, चाहे वे कहीं भी रहते हों या किसी भी सामाजिक पृष्ठभूमि से हों, के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता व उन तक पहुँच से है। इसके साथ ही, इसमें रोग निवारण से लेकर प्रशामक देखभाल तक प्रत्येक स्तर पर, अत्यंत किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता भी शामिल है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आड़े आने वाली बाधाओं के संदर्भ में लैंसेट आयोग की आज प्रकाशित रिपोर्ट- 'भारत की नागरिक-केन्द्रित स्वास्थ्य प्रणाली पर लैंसेट आयोग' के अनुसार, ये अवरोध राजनैतिक इच्छा शक्ति की कमी, अपर्याप्त वित्त, अपर्याप्त मानव संसाधन और भौतिक ढांचा, या स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रति मांग में कमी होने के कारण नहीं है। इस मार्ग में प्रमुख चुनौतियां देखभाल की असमान गुणवत्ता, खर्च करने की क्षमता में कमी, बिखरी हुई सेवा प्रणाली, और आर्थिक सुरक्षा कार्यक्रमों की अपर्याप्त डिज़ाइन व क्रियान्वयन, और कमजोर प्रशासन का होना है।

आयोग के सह-अध्यक्ष और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर विक्रम पटेल ने ज़ोर देकर कहा कि आयोग के विश्लेषण से निकलने वाला सबसे महत्वपूर्ण आह्वान यह है कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का मुख्य माध्यम एक **उच्च-प्रदर्शन करने वाली, सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित और सार्वजनिक रूप से प्रदान की गई, एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली** हो। उनका कहना था कि ऐतिहासिक रूप से केवल सार्वजनिक क्षेत्र के पास ही स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित करने का दायित्व और उद्देश्य रहा है, और केवल सार्वजनिक क्षेत्र के पास ही समुदाय स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से लेकर तृतीयक देखभाल तक, देश के हर कोने में फैली स्वास्थ्य सेवा संरचना मौजूद है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र को इस तरह रूपांतरित करने की आवश्यकता है कि उसकी क्षमताओं का उपयोग किया जा सके और उसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के पहुंच, किफ़ायत और गुणवत्ता के लक्ष्यों के अनुरूप जोड़ा जा सके।

सरकार के विकसित भारत विजन-2047 के एक अहम हिस्से के रूप में यूएचसी को उन्नत करने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली में आवश्यक सुधारों की पहचान के लिए वर्ष 2020 में आयोग का गठन किया गया था। इसके अंतर्गत विविध अनुभवों की दक्षता के विशेषज्ञों को शामिल किया गया व अनुशंसाओं तक

पहुंचने के लिए मौजूदा व नवीन शोधों का व्यवस्थित विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट की मुख्य बात को उजागर करते हुए मिराई चटर्जी, आयुक्त व निदेशक, सेवा सोशल सिक्योरिटी और, अध्यक्ष, सेवा कोआपरेटिव फेडरेशन का कहना है कि,"हमारी रिपोर्ट की मुख्य बात है कि यह नागरिक केन्द्रित है और यह लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं से शुरू होती है। हमने 50,000 परिवारों के व्यापक सर्वेक्षण के माध्यम से नए आंकड़ों और अनुभवों को संग्रहित किया है। इस विशाल सर्वेक्षण को 29 राज्यों के लगभग 121 जिलों में आयोजित किया गया जिससे हमें स्थितियों को समझने के लिए दिशा व मुख्य सिफारिशों को आकार देने में मदद मिली।"

स्वास्थ्य के लिए अधिकार-आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए आयोग, स्वास्थ्य सेवाओं के नियोजन, वितरण और निगरानी में लोगों की भागीदारी बढ़ाने की आवाज उठाता है, और इसके साथ ही सामुदायिक भागीदारी के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और संरचनाओं को सशक्त करने के विविध उपायों की सिफारिश करता है। यह स्वास्थ्य प्रणाली के कार्य-प्रदर्शन संबंधी आंकड़ों व जानकारी को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने की सिफारिश करने के साथ-साथ अधिक प्रभावी संसाधन केन्द्रों और नवीन शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं/लाभों तक लोगों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने की पैरवी भी करता है।

सार्वजनिक क्षेत्र की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए सुधारों की आवश्यकता पर जोर देते हुए आयोग द्वारा जिन प्रमुख प्रस्तावों की सिफारिश की गयी है उनमें, खंडित बजट के एकीकरण के माध्यम से सरकारी वित्त पोषण को सुदृढ़ करना जिसमें कर्मचारी राज्य बीमा योजना से प्राप्त राजस्व को स्वास्थ्य के लिए कर-राजस्व के साथ एकीकृत करना, और बड़े घाटे वाले राज्यों को लक्षित केन्द्रीय आवंटन सुनिश्चित करना जैसे सुधार शामिल हैं। यह स्वास्थ्य प्रणाली की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए इसके वित्तीय और भौतिक गतिविधियों को अलग करने की सिफारिश के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय के संस्थागत ढांचे के पुनर्गठन का सुझाव रखता है। इसके तहत एक स्वायत्त सार्वजनिक क्रय संस्थान की स्थापना का सुझाव दिया गया है, जो स्वास्थ्य के प्रति सरकारी प्रतिबद्धता और लोगों की अधिकारिता को सुनिश्चित करने वाले विधायी जनादेश के आधार पर कार्य करेगा। डॉ. नचिकेत मोर, आयुक्त एवं विजिटिंग साइंटिस्ट, बैनयन अकैडमी ऑफ लीडरशिप इन मेंटल हेल्थ का कहना है कि, " सार्वजनिक क्षेत्र प्रणाली, जो कि प्राथमिक से लेकर तृतीयक स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता प्रदान करने वाला प्रारूप लिए हुई है, अनेक

अवरोधों के बावजूद, कोविड19 जैसी महामारी के दौरान अपरिहार्य साबित हुई है। हम इस बात को दोहराते हैं कि यूएचसी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र में सुधार लाना आवश्यक है ताकि इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके।" आयोग, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए, उच्च-गुणवत्ता वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं पर आधारित एक ऐसी अधिक समन्वित सेवा वितरण प्रणालियों को क्रियान्वित करने की पैरवी करता है, जो लक्षित जनसंख्या तक सुगमता से उपलब्ध हो, विविध स्वास्थ्य सेवाओं के मध्य समन्वयन सुनिश्चित करे और जन स्वास्थ्य परिणामों के प्रति उत्तरदायी हो। प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं विशेषकर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और आशाओं को नियमित करने का सुझाव देते हुए, आयोग उच्च गुणवत्तापूर्ण देखभाल की सुनिश्चितता हेतु सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रेरित करने और उनका सहयोग करने के लिए आवश्यक रणनीतियों को प्रस्तुत करता है।

आयोग के सह-अध्यक्ष और हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल के प्रोफेसर तरुण खन्ना लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए कहते हैं कि इन्सेन्टिव और नियमन के संतुलित संयोजन के माध्यम से निजी क्षेत्र के हितों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्यों के अनुरूप लाना आवश्यक है। उनके अनुसार, निजी स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक और सुव्यवस्थित रूप से एकीकृत किया जाना चाहिए, तथा उनका ध्यान रोग-निवारण और दीर्घकालिक रोग-प्रबंधन पर विशेष रूप से केंद्रित होना चाहिए। इन सेवाओं को प्रदाताओं के एक समन्वित नेटवर्क के माध्यम से प्रदान किया जा सकता है।" सेवाओं के भुगतान को लेकर आयोग यह महत्वपूर्ण सुझाव देता है कि प्रत्येक सेवा के लिए अलग-अलग भुगतान करने की मौजूदा व्यवस्था के स्थान पर एक मिश्रित भुगतान प्रणाली अपनाई जाए, जो रोगी की समग्र देखभाल की गुणवत्ता पर आधारित हो। इस बदलाव को प्रभावी बनाने के लिए ऐसे बीमा प्रावधान आवश्यक होंगे जो सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाएं, रोगियों के अधिकारों की रक्षा करें और स्वास्थ्य-व्यय पर नियंत्रण सुनिश्चित करें।

रिपोर्ट में प्रस्तावित सुधारों के क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के लिए, भारत में मौजूद अनेक सक्षम नीतियों को रेखांकित करते हुए आयोग ने डिजिटल प्रौद्योगिकियों, ए आई, और जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की उल्लेखनीय प्रगति पर विशेष जोर दिया। आयोग का मानना है कि ये सफलताएं भारत की यूएचसी यात्रा को महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान कर सकती हैं।

भारत का आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन विभिन्न पंजीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, विभिन्न प्रकार के भुगतान-कर्ताओं और मरीजों को एक साथ जोड़ने के उद्देश्य के साथ-साथ स्वास्थ्य डेटा के सुरक्षित आदान-प्रदान, देखभाल हेतु संरचित समन्वयन, और उनके मध्य संवाद को प्रेरित करने का उद्देश्य रखता है। यह प्रक्रिया सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों में, एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के सुगम क्रियान्वयन हेतु आवश्यक है। आयोग इस बात पर भी बल देता है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाने के लिए उसके नैतिक पहलुओं, उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं, समानता और गोपनीयता से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य होगा।

आयोग शासन के विकेंद्रीकरण और राज्य, जिले और स्थानीय सरकारी संस्थाओं को लोगों की आवश्यकता-आधारित सुधारों को क्रियान्वित करने और उनको जवाबदेह बनाने हेतु सशक्त बनाने की अनुशंसा करता है। दवाइयों की गुणवत्ता, सेवा-प्रदाता का ज्ञान, और स्वास्थ्य देखभाल के नैतिक व आवश्यक मानकों को सुनिश्चित करने के लिए शासन सुधारों को प्रस्तावित किया गया है। अंततः, आयोग एक लर्निंग हेल्थ सिस्टम की सिफारिश करता है अर्थात ऐसी प्रणाली जो निरंतर परीक्षण और सीखने की प्रक्रिया के माध्यम से विकसित होती है, और प्राप्त निष्कर्षों को पूर्ण पारदर्शिता तथा जवाबदेही के साथ अपनाती है।

स्वास्थ्य प्रणाली के सुधार महज तकनीकी/विषयगत न हो कर राजनीतिक दृढ़ता को सामने रखने वाले होने चाहिए। इस बात से सहमती रखते हुए डॉ. क्हेया मेलो फुर्तादो, सह लेखक व गोवा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्रोफेसर का कहना है कि, "भारत में और इसके विभिन्न राज्यों के भीतर व्याप्त विभिन्नताओं को दृष्टिगत रखते हुए हम यह समझते हैं कि देश भर के लिए सुधार का कोई एक तरीका कारगर नहीं हो सकता। हम सरकार के समक्ष अपने सुधारों के वे विकल्प प्रस्तुत करते हैं जो स्थानीय वास्तविकताओं पर आधारित हैं, और जो विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श करके, और निरंतर जांच-पड़ताल के बाद पुख्ता कर प्रस्तुत किये गए हैं।" सह-लीड लेखक एवं हार्वर्ड टी टी चान स्कूल ऑफ़ पब्लिक हेल्थ में हेल्थ सिस्टम्स की निदेशक डॉ. अनुस्का कलिता इस रिपोर्ट के लेखकों द्वारा सोचे गए प्रभावों को समझाते हुए कहती हैं कि,"भारत आज परिवर्तन के एक अहम मोड़ से गुजर रहा है। बढ़ते जनविश्वास और विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प के साथ, हमारे पास स्वास्थ्य प्रणाली को इस तरह रूपांतरित करने का असाधारण अवसर है कि वह वास्तव में हर नागरिक की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। हमारा आयोग यह उजागर करता है कि किस प्रकार साहसिक दृष्टिकोण, विवेकपूर्ण निवेश, और विभिन्न

हितधारकों की साझेदारी मिलकर एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण कर सकती है जो समावेशी, नवाचार-उन्मुख, और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम हो।"

अतिरिक्त वक्तव्य

अतुल गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, हेल्थकेयर मैनेजमेंट, व्हार्टन स्कूल, पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय

"मुझे आशा है कि देखभाल वितरण, इन्सेन्टिव भुगतान और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के विनियमन में सुधार से जुड़ी इस रिपोर्ट की ठोस सिफारिशें नीति-स्तर की चर्चा को अधिक रचनात्मक दिशा में ले जाएंगी, जहां यह विचार किया जा सके कि खर्च में भारी बढ़ोतरी किए बिना, स्वास्थ्य प्रणाली को कैसे अधिक कुशल और प्रभावी बनाया जा सकता है।"

एसवी सुब्रमण्यन, प्रोफेसर, पापुलेशन हेल्थ एंड जियोग्राफी, हार्वर्ड सेंटर फॉर पॉपुलेशन एंड डेवलपमेंट स्टडीज

"आयोग की दो मुख्य सीख इस प्रकार हैं: (1) व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली द्वारा निर्देशित एक सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित एकीकृत सेवा वितरण प्रणाली का निर्माण करना जो मजबूत निगरानी और गुणवत्ता के साथ कार्य करे, और (2) स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण और क्रियान्वयन में नागरिकों की अर्थपूर्ण भागीदारी हो। यह इसलिए आवश्यक है क्योंकि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली के समक्ष चुनौतियां राजनैतिक इच्छा शक्ति या संसाधनों की कमी होना नहीं है। इस मार्ग में प्रमुख चुनौतियां बिखरी हुई सेवा प्रणाली, देखभाल की गुणवत्ता में कमी, और कमजोर जवाबदेहिता का होना है, जिसके लिए व्यवस्थित संगठनात्मक रूपांतरण की आवश्यकता है न कि क्रमिक सुधारों की।"

"आयोग में शामिल हितधारकों की व्यापक विविधता के बावजूद, उसके विचार-विमर्श की सबसे उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि सभी सदस्य भारत को उसकी अपार संभावनाओं का पूर्ण रूप से एहसास कराने के लिए प्रतिबद्ध थे। हम इस बात पर जोर देते हैं कि ये सुधार महज तकनीकी नहीं हैं बल्कि राजनीतिक दृढ़ता के साथ गहरे से जुड़े हुए हैं, जहां निहित हितों से ऊपर उठ कर काम करने और विविध हितधारकों के हितों में तालमेल बिठाने के लिए मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है। हम इस बात को लेकर भी स्पष्ट हैं कि भारत जैसे विशाल और व्यापक विभिन्नताओं वाले देश में सुधार का कोई एक तरीका काम नहीं कर सकता, अतः सुधारों के विकल्प स्थानीय संदर्भों के अनुकूल होने चाहिए जो

विकेंद्रीकृत निर्णय प्रक्रिया और व्यापक परामर्श के माध्यम से प्राप्त किये गए हों, और साथ ही वे रोगी व नागरिकों को ध्यान में रख कर बनाये गए हों।"

मिराई चटर्जी, निदेशक, सेवा सोशल सिक्यूरिटी और अध्यक्ष, सेवा कोआपरेटिव फेडरेशन,

"हालांकि, आयोग ने अपनी सिफारिशों को मौजूदा स्वास्थ्य प्रणाली की कई विशेषताओं पर आधारित किया है जैसे जन भागीदारी आदि; मेरा मानना है कि, सार्वभौमिक स्वास्थ्य की यात्रा में हम इसे व ऐसे अनेक मार्गदर्शक सिद्धांतों को लेकर कहीं आगे बढ़ चुके हैं। इसके तहत उन सभी लोगों, विशेषकर वे जो अक्सर हाशिये पर रह जाते हैं, जैसे अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएँ, को सशक्त बनाना शामिल है, ताकि हर नागरिक अधिकार-संपन्न, सक्रिय भागीदार बन सके और केवल निष्क्रिय लाभार्थी बनकर न रह जाए। भारत के लिए हमने एक ऐसी सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की परिकल्पना की है जो समग्र और नागरिक-केन्द्रित है जिसमें उन लोगों पर विशेष ध्यान दिया गया है जिनकी आवाजें अक्सर अनसुनी रह जाती हैं, और उसकी संरचना विकेन्द्रित है। हम स्वास्थ्य समता को एक मूलभूत सिद्धांत के रूप में स्वीकार करते हैं और लैंगिक समानता, पोषण, तथा जल और स्वच्छता जैसे स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की अनुशंसा करते हैं। साथ ही, हम ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली की परिकल्पना करते हैं जो सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित हो और उसकी सेवाएँ भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हों।"

"सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल और सभी नागरिकों तक पहुंच के लिए शासकीय प्रक्रियाओं में सुधार हमारे दृष्टिकोण का एक अनिवार्य पक्ष है। इसके तहत पहुंच का विस्तार करने और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए डिजिटल टूल्स और प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है। प्रौद्योगिकी के उपयोग से हमें जिलों में सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन के दौरान उपजने वाली विभिन्नताओं को चिह्नित करने और बहु-आयामी गरीबी के साथ उनके संबंधों को समझने में मदद मिलेगी।"

" हम आशा करते हैं कि हमारी रिपोर्ट और उसकी अनुशंसाओं के जरिये आगे और चर्चा व बहस का अवसर प्राप्त होगा जिससे हमारे सुझाव और अधिक परिष्कृत हो सकेंगे। अंततः, पर्याप्त निवेश के साथ गुणवत्तापूर्ण सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए आवश्यक व्यापक संरचना का निर्माण संभव होगा और ऐसा करने के दौरान समस्त प्रयासों और सेवाओं के केंद्र में नागरिकों को प्राथमिकता प्राप्त होगी।"

لینسیٹ کمیشن نے ہندوستان کے نظامِ صحت کو تبدیل کرنے کے لیے اصلاحات کا خاکہ پیش کیا

کی جانب نمایاں پیش رفت کی ہے۔ اس سے مراد ہندوستان کے تمام لوگوں کے لیے (UHC) 'ہندوستان نے 'یونیورسل ہیلتھ کوریج اعلیٰ معیار کی صحت کی دیکھ بھال ہے، چاہے وہ کہیں بھی رہتے ہوں یا ان کا سماجی طبقہ کچھ بھی ہو۔ یہ احتیاطی تدابیر سے تک کے تمام پہلوؤں کا احاطہ کرتی ہے، اور وہ بھی قابل برداشت قیمت پر۔ (palliative care) لے کر تسکین بخش نگہداشت اس مقصد کے حصول میں اب سیاسی ارادے کی کمی، فنڈز کی قلت، انسانی وسائل اور بنیادی ڈھانچے کی کمی یا صحت کے ،بارے میں کم شعوری رویے رکاوٹ نہیں ہیں۔ اس کے بجائے، نگہداشت کے معیار میں عدم مساوات، اخراجات میں ناکارکردگی خدمات کی غیر مربوط فراہمی، مالی تحفظ کے پروگراموں کے ناقص ڈیزائن اور نفاذ، اور ناقص گورننس کلیدی چیلنجوں کے طور پر سامنے آئے ہیں۔ یہ بات آج شائع ہونے والی 'ہندوستان کے لیے شہری پر مبنی صحت کے نظام 'پر لینسیٹ کمیشن (Lancet Commission) کی رپورٹ میں کہی گئی ہے۔

کمیشن کے شریک چیئرمین اور ہارورڈ میڈیکل اسکول کے پروفیسر وکرم پٹیل نے زور دیا کہ کمیشن کے تجزیے کا سب سے اہم مطالبہ "اعلیٰ کارکردگی کا حامل، سرکاری فنڈنگ سے چلنے والا اور سرکاری طور پر فراہم کردہ مربوط ہیلتھ کیئر ڈیلیوری کے لیے بنیادی ذریعہ ہو۔ "انہوں نے کہا کہ تاریخی طور پر صرف پبلک سیکٹر کے پاس ہی صحت میں UHC سسٹم ہے، جو مساوات حاصل کرنے کا مینڈیٹ اور مشن رہا ہے اور صرف پبلک سیکٹر کے پاس ہی ملک کے ہر کونے میں، کمیونٹی ہیلتھ ورکرز سے لے کر ٹرشری کیئر)اعلیٰ سطح کی نگہداشت (تک، خدمات کی فراہمی کا ڈھانچہ موجود ہے۔ ساتھ ہی، نجی شعبے مقاصد UHC کو اس طرح ڈھالنے کی ضرورت ہے کہ وہ اپنی طاقتوں سے فائدہ اٹھائے اور رسائی، استطاعت اور معیار کے کے ساتھ ہم آہنگ ہو۔

کو آگے بڑھانے کے لیے UHC کمیشن کا آغاز 2020 میں ان ہیلتھ سسٹم اصلاحات کی نشاندہی کرنے کے لیے کیا گیا تھا جو درکار ہیں، جو 2047 کے لیے ہندوستان کے 'وکست بھارت 'وژن کا ایک اہم جزو ہے۔ اس میں مختلف شعبوں سے تعلق رکھنے والے ماہرین کو شامل کیا گیا اور وسیع پیمانے پر نئی اور موجودہ تحقیق سے استفادہ کیا گیا۔ رپورٹ کی توجہ کو اجاگر کرتے سوشل سکیورٹی کی ڈائریکٹر اور کمشنر اور سیوا کوآپریٹو فیڈریشن کی چیئرپرسن، میرائی چیٹرجی (SEWA) ہوئے، سیوا ہے—یہ شہریوں کی (citizen-centred) کہتی ہیں، "ہماری رپورٹ میں جو بات نمایاں ہے وہ یہ ہے کہ یہ شہری پر مبنی ضروریات اور خواہشات سے شروع ہوتی ہے۔ ہم نے 50,000 گھرانوں کا سروے کیا، جو اپنی نوعیت کا سب سے بڑا سروے ہے، جس سے تازہ اعداد و شمار اور بصیرت حاصل ہوئی ہے۔ 121 اضلاع اور 29 ریاستوں میں کیے گئے اس سروے نے ہمیں سمت فراہم کی اور ہماری کلیدی سفارشات کو تشکیل دیا۔"

صحت کے لیے حقوق پر مبنی نقطہ نظر کو فروغ دیتے ہوئے، کمیشن صحت کی خدمات کی منصوبہ بندی، فراہمی اور نگرانی میں لوگوں کی شرکت بڑھانے کا مطالبہ کرتا ہے اور کمیونٹی کی شرکت کے ڈھانچے کو بااختیار بنانے کے لیے کئی طریقے تجویز کرتا ہے۔ یہ صحت کے نظام کی کارکردگی کا ڈیٹا عوامی طور پر دستیاب کرنے اور زیادہ موثر ریسورس ہیز اور شکایات کے ازالے کے نئے نظاموں کے ذریعے شہریوں کی صحت کے فوائد تک رسائی میں مدد کرنے کی وکالت کرتا ہے۔

پبلک سیکٹر کی تاثیر بڑھانے کے لیے اصلاحات پر زور دیتے ہوئے، کمیشن کی اہم تجاویز میں بکھرے ہوئے بجٹ کو یکجا کرکے سرکاری ہیلتھ فنانسنگ میں اضافہ کرنا شامل ہے۔ اس میں ایمپلائی اسٹیٹ انشورنس اسکیم کی آمدنی کو صحت کے لیے ٹیکس کی آمدنی کے ساتھ ملانا، اور بڑے خسارے والی ریاستوں کے لیے مرکز کی جانب سے ٹارگٹڈ ایلوکیشن شامل ہے۔ یہ وزارت صحت کے ادارہ جاتی ڈھانچے کی تشکیل نو کی بھی تجویز دیتا ہے تاکہ کارکردگی بڑھانے کے لیے اس کے فنانسنگ کے کاموں کو الگ کیا جا سکے۔ اس میں ایک خود مختار 'پبلک پرچیزنگ انسٹی ٹیوشن 'کا (provision) اور خدمات کی فراہمی قیام شامل ہوگا، جس کے پاس حکومتی وعدوں اور صحت کے حوالے سے لوگوں کے استحقاق کی فراہمی کا قانونی مینڈیٹ ہو۔ بانیان اکیڈمی آف لیڈرشپ ان مینٹل ہیلتھ کے وزیٹنگ سائنٹسٹ اور کمشنر ڈاکٹر نچیکیٹ مور کہتے ہیں، "عوامی نظام، جسے پرائمری سے ٹرشری کیئر تک مکمل تسلسل فراہم کرنے کے لیے ڈیزائن کیا گیا ہے، اپنی رکاوٹوں کے باوجود کووڈ-19 جیسی ہنگامی صورتحال میں ناگزیر ثابت ہوا ہے۔ ہم اس بات کا اعادہ کرتے ہیں کہ عوامی خدمات کی اصلاح کرنا تاکہ ان کے اثرات کو

کی طرف بڑھنے کے لیے ترجیح ہے۔ "پبلک ہیلتھ ڈیلیوری سسٹم کے موجودہ ڈھانچے UHC ،زیادہ سے زیادہ بڑھایا جا سکے کی بنیاد پر، کمیشن زیادہ قریبی مربوط ڈیلیوری سسٹمز کو فعال کرنے کا مطالبہ کرتا ہے، جو اعلیٰ معیار کی پرائمری ہیلتھ کیئر سروسز پر مبنی ہوں، مخصوص آبادیوں کی خدمت کریں، دیکھ بھال کو مربوط کریں اور ان کے صحت کے نتائج کے ذمہ دار ورکرز کو ریگولر)کرنے کی (ASHA ہوں۔ پرائمری ہیلتھ کیئر ورکرز، خاص طور پر کمیونٹی ہیلتھ آفیسرز اور آشا تجویز دیتے ہوئے، کمیشن تمام ہیلتھ کیئر فراہم کنندگان کو اعلیٰ معیار کی دیکھ بھال فراہم کرنے میں مدد اور ترغیب دینے کے لیے حکمت عملیوں کا ایک سیٹ فراہم کرتا ہے۔

لوگوں کی صحت کی ضروریات کو پورا کرنے میں نجی شعبے کے اہم کردار کو تسلیم کرتے ہوئے، کمیشن کے شریک چیئرمین اور ہارورڈ بزنس اسکول کے پروفیسر ترون کھنہ نے "مراعات اور ضابطے کے متوازن امتزاج کے ذریعے نجی شعبے کے کے اہداف کے ساتھ بہتر طور پر ہم آہنگ کرنے کی ضرورت "پر روشنی ڈالی۔ انہوں نے کہا کہ نجی صحت UHC مفادات کو chronic) کی خدمات جامع اور اچھی طرح سے مربوط ہونی چاہئیں، جن میں بیماریوں کی روک تھام اور پرانی بیماریوں کے طویل مدتی انتظام پر مضبوط توجہ ہو، جو مربوط فراہم کنندگان کے نیٹ ورکس کے ذریعے فراہم کی جائیں۔ conditions) کمیشن فراہم کنندگان کو ہر انفرادی سروس کے لیے ادائیگی کرنے کے بجائے 'بلینڈڈ پیمنٹ ماڈلز 'کی طرف منتقل ہونے کا مطالبہ کرتا ہے جو مریض کی مجموعی دیکھ بھال کے معیار کا صلہ دیں۔ یہ انشورنس کے ضوابط کی ضرورت پر زور دیتا ہے جو رسائی کو بہتر بنائیں، مریضوں کے حقوق کا تحفظ کریں اور اخراجات کو کنٹرول کریں۔

